भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2948 का उत्तर

साईं नगर (शिरडी) से पुणतांबा रेलवे स्टेशन तक रेल पटरी की सफाई

2948. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सुप्रसिद्ध साईं नगर (शिरडी) रेलवे स्टेशन से पुणतांबा रेलवे स्टेशन तक रेल पटरी की सफाई और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए रेल पटरी के दोनों ओर बड़ी संख्या में उगी कंटीली झाड़ियों और पेड़ों को छांटने के लिए कोई कदम उठाया है/उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार को इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख) पुणतांबा - साई नगर (शिरडी) के बीच गाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए पर्याप्त दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए पटरियों के दोनों ओर पेड़ों की नियमित छंटाई और वनस्पति की सफाई की जाती है। ये गतिविधियाँ बहु-विषयक टीमों द्वारा किए गए विस्तृत सर्वेक्षणों के आधार पर मानसून से पहले की जाती हैं। रेलपथ के किनारे सफाई बनाए रखने के लिए विशेष अभियान और सामान्य जागरूकता कार्यक्रम आदि भी आयोजित किए जाते हैं।

प्रशासन द्वारा चिह्नित स्थानों पर कचरा उठाने और मलबा हटाने का कार्य नियमित रूप से किया जाता है।

इस संबंध में जन प्रतिनिधियों, रेल उपयोगकर्ताओं, संगठनों आदि से विभिन्न स्तरों पर अभ्यावेदन/प्रतिक्रियाएं/शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। ऐसे अभ्यावेदनों/प्रतिक्रियाओं/शिकायतों की प्राप्ति एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, जिनकी समय-समय पर जांच की जाती है और व्यवहार्य एवं उचित पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है। इसके लिए कोई केंद्रीकृत संकलन नहीं रखा जाता है।

******